नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसदद्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थपित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

स्वावलंबी गांव, स्वाभीमानी जीवन के लिए कार्य करें

कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल का नेहरू युवा केंद्र के प्रशिक्षणार्थियों से आहवान

वर्धा, 6 नवंबर 2019: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने नेहरू युवा केंद्र के प्रशिक्षणार्थियों से आहवान किया कि वें स्वावलंबी गांव और स्वाभीमानी जीवन को चरितार्थ करने के लिए आगे आए। उन्होंने महात्मा गांधी के रचनात्मक कार्यों को याद दिलाते हुए कहा कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए युवा ही कारण बन सकते हैं। उन्होंने यह बातें भंडारा, गोंदिया, गढ़चिरोली और चंद्रपुर जिले से विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी लेने आए युवाओं के साथ सांझा की। उनका कहना था कि समाज

में परिवर्तन केवल सरकार से नहीं हो सकता। परिवर्तन के लिए समाज को भी आगे आने की जरुरत होती है। आज के हालातों का हवाला देकर उन्होंने कहा कि युवा समाज जीवन से कटता जा रहा है। उनके सामने कई उलझनें पैदा हुई हैं ऐसे में उन्हें सही दिशा दिखाना आवश्यक है। उन्होंने राम, बुद्ध, शिवाजी महाराज और महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए कहा कि जो लोग अलग तरीके से कार्य करते हैं वे असामान्य होते हैं और उनके सिद्धांतों पर समाज खड़ा होता है।

नेहरू युवा केंद्र की ओर से ग्रामोपयोगी विज्ञान केंद्र, दत्तपूर (वर्धा) में चार जिलों के युवाओं के लिए 31 अक्टूबर से 14 नवंबर तक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत 70 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों सहित भंडारा जिला समन्वयक हितेंद्र वैद्य, गोंदिया जिला समन्वयक स्रुती डोंगरे, दयाराम रामटेके, वर्धा ने बुधवार, 6 नवंबर को विश्वविद्यालय का भ्रमण कर पाठ्यक्रमों की जानकारी हासिल की। उन्होंने स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय, पराड़कर मीडिया लैब, मानव विज्ञान संग्रहालय को भेंट दी। जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. कृपाशंकर चौबे, सहायक प्रोफेसर राजेश लेहकपुरे, मानवविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. फरहद मलिक, सहायक प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र

प्रताप यादव, डॉ.भावेंद्र कुमार, अर्चना भालकर ने विभागों के पाठ्यक्रम और योजनाओं को लेकर अवगत कराया।

उनके स्वागत में कस्तूरबा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल और महात्मा गांधी

फ्यूजी गुरुजी समाज कार्य अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन

जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन नेहरू युवा केंद्र गोंदिया की समन्वयक स्नुती डोंगरे ने प्रस्तुत किया।